## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को गिफ्ट देकर किया सम्मानित

**कटनी।** किड्स केयर पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह बहुत ही उत्साह पूर्वक सम्मपन हुआ है। स्कूल के चेयरपर्सन डॉ डी.के. खरे एव डायरेक्टर ऐरावत आकाश हिन्दूजी की उपस्थित मै समारोह विधि-विधान से प्रारंभ हुआ। सर्व प्रथम मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई उसके बाद प्री प्राइमरी के छात्रो को गाऊन और हेड पहनाकर तथा गिफ्ट देकर सम्मानित किया।अभिभावको की उपस्थिती मे सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

### जांच अभियान के दौरान 2.97 लाख रूपए बरामद



**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मिशन चौक में शुक्रवार को जांच के दौरान पुलिस ने एक युवक से करीब 3 लाख रुपए से ज्यादा जब्त किए हैं। कोतवाली टीआई आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि मिशन चौक में जांच के दौरान कार सवार एक युवक का रोका गया। कार की तलाशी के दौरान बैग से दो लाख 97 हजार रुपए मिले। कार सवार युवक से रुपए के संबंध में दस्तावेज मांगे गए। दस्तावेज नहीं दिखाने पर रुपए को जब्त कर लिया गया। कुछ देर बाद कार सवार युवक ने थाने आकर रुपए से संबंधित दस्तावेज दिखाए। इसके बाद रुपए को वापस कर दिया गया। कार सवार युवक माधवनगर निवासी पूरन बजाज होजरी कपड़े का व्यवसायी है। जांच कार्रवाई के दौरान यातायात पुलिस और एफएसटी टीम मौजूद रही।

### रिश्वतखोरी, शराब वितरण के सबूत मिलते ही कार्यवाही

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल नामक एक सरल लेकिन प्रभावी मोबाईल एप डिजाइन और विकसित की है। यह मोबाईल एप्लीकेशन निर्वाचन के दौरान जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा करके नागरिकों के साथ विश्वास आधारित साझेदारी को सुगम बनाता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सी-विजिल मोबाईल एप निर्वाचनों के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने जैसे रिश्वतखोरी, मुफ्त उपहार, शराब वितरण, अनुमत्य समय के बाद लाउडस्पीकर बजाने वालों के खिलाफ नागरिकों को रिपोर्ट करने के लिए सशक्त बनाता है। इस मोबाइल एप का उपयोग करके नागरिक लाइव फोटो या वीडियो कैप्चर तैयार करते हैं। निर्वाचन तंत्र उल्लंघन का साक्ष्यिक सबूत मिलते ही तुरंत कार्रवाई करने के लिए तैयार हो जाता है। हर सी-विजिल मामले पर कार्रवाई की जाती है और 100 मिनट की समयावधि के दौरान की गई कार्रवाई के साथ वापिस जवाब भेजा जाता है। कलेक्टर ने नागरिकों से सी-विजिल एप डाउनलोड करने की अपील की है।

### मार्क कापी बनाने गठित दल का प्रशिक्षण आज

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत निर्वाचक नामावली की मार्क कापी बनाने हेतु गठित दल का एक दिवसीय प्रशिक्षण 30 मार्च को दोपहर 3 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभा कक्ष में आयोजित किया जाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण शिशिर गेमावत ने नोडल अधिकारी मतदान सूची को निर्वाचक नामावली की मार्क कापी बनाने के लिए संलग्न स्टाफ को प्रशिक्षण में प्रशिक्षण में उपस्थित होनें की सूचना देने के साथ ही उपस्थित पत्रक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण एवं प्रबंधन सेल को उपलब्ध लब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है।

---

### उमरियापान थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा की गई ताबड़तोड़ कार्यवाही से हड़कंप

# 10 ठिकानों में दी गई दबिश, शराब के अवैध निर्माण एवं विक्रय में संलिप्त थी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शराब का अवैध निर्माण करने के ठिकानों एवं बिक्री में संलिप्त लोगों पर कार्यवाही के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। स्लीमनाबाद एसडीओपी अखिलेश गौर के मार्गदर्शन में स्लीमनाबाद पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। 10 ठिकानों में दबिश देकर भारी मात्रा में महुआ लहान जप्त किया गया। इन सभी ठिकानों को महिलाओं के द्वारा संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने सभी महिला आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। उमरिया पान पुलिस के द्वारा की गई ताबड़तोड़ कार्यवाही के कारण क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति निर्मित है।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रजंन के दिशा निर्देशन एवं अति.पु. अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्ग दर्शन व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद अखिलेश गौर के नेतृत्व में थाना प्रभारी उमरियापान, थाना प्रभारी ढीमरखेडा ने अपने स्टाफ के साथ लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर निरंतर क्षेत्र में भ्रमण कर अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर कार्यवाहियों को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार उमरियापान कुम्हार मोहल्ला में अर्चना बाई कुम्हार ने अपने घर की बाडी में भारी मात्रा में अवैध शराब छिपा रखी है। जो बेचने की फिराक में थी। प्राप्त सूचना पर हमराह स्टाफ के साथ ग्राम उमरियापान कुम्हार मोहल्ला जाकर देखा गया। वहां एक महिला ने अपने घर की बाडी में चार प्लास्टिक के डिब्बे में कुछ भरा हुआ लिये दिखाई दी जो की पुलिस को देखकर जाने लगी जिसे स्टाफ व साक्षीगणो की मदद से रोका गया। पुलिस ने अर्चना बाई पति संतोष चकवर्ती 35 वर्ष निवासी उमरियापान के कब्जे से चार प्लास्टिक के डिब्बो को जब्त किया। डिब्बों को चैक किया गया डिब्बो मे अवैध कच्ची महुआ शराब करीबन 58 लीटर कीमती 23 हजार 2 सौ रुपये की जप्त किया गया। आरोपी अर्चना बाई कुम्हार के विरुद्ध थाना उमरियापान मे धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। इसी तरह गेंदाबाई पति मोती लाल कुम्हार 56 वर्ष नि. उमरियापान के कब्जे से अवैध 8 ली. महुआ शराब कीमती 32 सौ रुपये की जब्त की गई। एक अन्य जगह पर रिकी बाई पति हीरालाल लाल कुम्हार उर्फ मिन्टू 27 वर्ष नि. उमरियापान के कब्जे से अवैध 12 ली. महुआ शराब कीमती 48 सौ रुपये की जब्त की गई।

गायत्री बाई पति संजू चक्रवर्ती 36 वर्ष नि. उमरियापान के कब्जे से अवैध 12 लीटर महुआ शराब कीमती 4800 रुपये, एवं राधा बाई पति हरिलाला कुम्हार 65 वर्ष नि. उमरियापान के कब्जे से अवैध 08 ली. महुआ शराब कीमती 3200 रुपये, इमरती बाई पति विजय कुम्हार 45 वर्ष नि. उमरियापान के कब्जे से अवैध अवैध 12 ली. महुआ शराब कीमती 4800 रुपये की जप्त किया गया। पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान 620 लीटर महुआ लाहन कीमती 62 हजार रुपये का लाहन नष्ट किया गया। इस प्रकार आरोपीगणों के कब्जे से 110 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 44 हजार जप्त किया गया।

---



# मतदान केन्द्रों में समुचित व्यवस्था करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत नगर निगम सीमा में की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने विशेष बैठक आयोजित कर अधिकारियों को निर्देश दिये।

निगमायुक्त ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में नगर निगम सीमांतर्गत 198 मतदान केन्द्रों की बूथ वाइज व्यवस्थाओं की सघन जानकारी लेते हुये नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान आयुक्त ने सभी जोन के नोडल अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित किया जावे की आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए चिन्हित मतदान केन्द्रों में जो भी व्यवस्थायें पूर्ण नहीं है, उन सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित समय अवधि के अंदर पूर्ण किया जाए साथ ही सभी मतदान केन्द्रों में महिला एवं पुरुष शौचालय पेयजल टोटियां प्रकाश कूलर एवं पंखा ट्यूब लाइट प्रवेश निकास द्वार रेम्प खिड़की दरवाजे पुताई लेखन मरम्मत कार्य आदि की समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहायक यंत्री सुनील सिंह आदेश जैन उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय जेपी बघेल पवन श्रीवास्तव मृदुल श्रीवास्तव शैलेन्द्र प्यासी आदि उपस्थित रहे।

---

*पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जाग्रति बेहद आवश्यक*

# भाषण, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो.आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने के लिए जागरुकता कार्यक्रमों के अंतर्गत भाषण, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण से संबन्धित अपने अपने विचार व्यक्त किए । इको क्लब प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि पर्यावरण एवं प्रकृति को संरक्षित और सुरक्षित रखना हमारी पहली जिम्मेदारी एवं नैतिक दायित्व है जो कि जनभागीदारी के बिना संभव नहीं है हम अपने दैनिक जीवन के छोटे छोटे कार्यों के माध्यम जैसे पानी, बिजली, गैस तथा अन्य इधनो का कम एवं समुचित प्रयोग, सार्वजनिक वाहनों का उपयोग, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करके, वृक्षारोपण कर उनकी देखभाल, जैविक कृषि आदि माध्यमों से पर्यावरण संरक्षण में अपनी अहम भूमिका निभा सकते है। डॉ रश्मि त्रिपाठी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामाजिक जागरूकता एवं सामूहिक प्रयास किया जाना आवश्यक है सरकार या अंतर्राष्ट्रीय संगठन चाहे कितना भी प्रयास कर ले किन्तु पर्यावरण संरक्षण जन जागृति के बिना अपूर्ण एवं असंभव लगता है प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए स्थानीय निकायों के साथ ही आम नागरिकों की भी सहभागिता आवश्यक है। जैसे यदि कोई व्यक्ति पर्यावरण को गंदा या नुकसान पहुंचा रहा है तो दूसरा मूकदर्शक न बना रहे बल्कि उस पर चिंतन करें और ऐसा होने से रोके अन्यथा इसका दुष्परिणाम सभी को सहना पड़ेगा ।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह, प्रियंका तोमर आदि उपस्थित रहे।

---

### गुड फ्राइडे पर चर्च में हुई विशेष प्रार्थनाएं



शुक्रवार को गुड फ्राइडे को लेकर शहर के अलग-अलग चर्च में विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। लोगों ने प्रार्थना करते हुए प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। गुड फ्राइडे को होली फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे या ग्रेट फ्रइडे भी कहते हैं। यह त्यौहार ईसाई धर्म के लोगों द्वारा कैलवरी में ईसा मसीह को शूली पर चढ़ाने के कारण हुई मृत्यु के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। शहर के अलग-अलग चर्चों में हुई गुड फ्राइडे की विशेष प्रार्थना के दौरान कहा गया कि गुड फ्राइडे बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। मान्यता के अनुसार ईसा मसीह ने अपनी मृत्यु के साथ ही दुनिया के सारे पाप अपने ऊपर ले लिए थे। उन्होंने मानवता के कल्याण के लिए अपने आप को न्योछावर कर दिया था।

---

# आदतन अपराधी को 6 माह की अवधि के लिए किया जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने ग्राम पोंडी थाना एन.के.जे कटनी निवासी 21 वर्षीय लाला उर्फ छोटू उर्फ शिवमंगल सिह पिता कप्तान सिह के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत कार्यवाही करते हुए कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिए निष्कासित कर दिया है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने लाला उर्फ छोटू उर्फ शिवमंगल सिह के विरूद्ध कार्यवाही पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की शिवमंगल आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है तथा वर्ष 2020 से निरंतर आपराधिक गतिविधियों में संलग्न है। इसके विरूद्ध सार्वजनिक स्थानों पर गुंडागर्दी करनें , शराब पीकर गाली गलौच करने, हथियार लेकर डरा-धमकाकर मारपीट व चोरी करनें के प्रकरणों मे विवेचना अभियोग पत्र न्यायालय कटनी में विचाराधीन है। शिवमंगल के अपराधों में अंकुश लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने के बाद भी इसकी आपराधिक गतिविधियों में कोई सुधार नही हुआ। इसके भय एवं आतंक से जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस करती है।

#### पेशी में आने मिलेगी छूट

जिले में इसकी मौजूदगी जनहित के लिए घातक होनें की प्रतिकूल परिस्थितियों तथा वर्तमान में लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए शिवमंगल के आपराधिक गतिविधियों के संलिप्त रहने से निर्वाचन कार्य प्रभावित होने की संभावना जिसके फलस्वरूप को दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी श्री प्रसाद नें लाला उर्फ छोटू उर्फ शिवमंगल 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिए बाहर चले जानें का आदेश पारित किया है। शिवमंगल को दाण्डिक न्यायालय में नियत पेशी पर उपस्थित होने की छूट रहेगी लेकिन इनकी सूचना एन.के.जे. थाना प्रभारी को देनी होगी।

---

*कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधीगंज में तीन दिन पहले हुई थी घटना*

# युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपितों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कोतवाली थाना अंतर्गत गांधीगंज क्षेत्र में विगत रात्रि घर जा रहे युवकों पर चाकू और बोतल से जानलेवा हमला करने वाले आरोपितों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कोतवाली पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश किया। कोतवाली पुलिस आरोपियों को पैदल ही थाने से कुछ दूर तक लेकर गई जहां से बाद में उन्हें ऑटो के जरिए न्यायालय रवाना किया गया।

गौरतलब है कि गांधीगंज रावत गली निवासी 19 वर्षीय साहिल पिता नरोत्तम निषाद अपने साथी आशीष सोंधिया व एक अन्य युवक के साथ विगत रात्रि लगभग 9:30 बजे घर लौट रहा था। इसी दौरान ऋतिक निषाद, विक्की कुशवाहा, वासु चौरसिया एवं भालू चौरसिया ने रूपयों के लेनदेन को लेकर उन्हें रास्ते में रोक कर विवाद शुरू कर दिया। मारपीट करते हुए उक्त युवकों ने साहिल के पेट में चाकू मार दी। जबकि आशीष के सर पर बोतल मार कर उसका सिर फोड़ दिया। घटना के बाद दोनों को घायल अवस्था में शासकीय जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद साहिल की गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ धारा 294, 323, 307, 34 ताहिं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया था।

#### वाहन खराब, पैदल ले गए

हत्या के प्रयास का मामला प्रकाश में आने के बाद कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चाकू बाजी के आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बातचीत करते हुए बताया कि आरोपियों को न्यायालय ले जाते समय शासकीय वाहन खराब था जिसके कारण उन्हें कुछ दूर तक पैदल लेकर जाया गया जहां से बाद में उन्हें ऑटो में बैठ कर न्यायालय रवाना किया गया।

---

### देवरी मझगवां में अवैध निर्माण के मामले में कलेक्टर न्यायालय का आदेश

# अवैध कालोनी निर्माण के मामले में दर्ज की गई एफ.आई.आर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

न्यायालय कलेक्टर कटनी द्वारा तहसील विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत देवरी मझगवां में अवैध कालोनी निर्माण के मामले में दिए निर्णय के बाद शुक्रवार को तहसीलदार विजयराघवगढ द्वारा डायरेक्टर डेल्टन कंपनी कटनी श्रीमती उमा गोयनका के विरूद्ध कैमोर पुलिस थाना में मप्र पंचायत राज्य एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61 (घ) 2 के तहत एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है।

विजयराघवगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत देवरी मझगवां स्थित भूमि खसरा नंबर 47/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1 की रकवा 0.80 हेक्टेयर भूमि डेल्टन कंपनी के नाम पर है। डेल्टन कंपनी की डायरेक्टर श्रीमती उमा गोयनका पति आलोक गोयनका द्वारा खसरा नंबर 47 रकवा 3.24 हेक्टेयर में से 2.44 हेक्टेयर भूमि की ब्रिकी कर दी गई है। अब कंपनी के नाम पर 0.80 हेक्टेयर शेष भूमि के प्लाट बनाकर उमा गोयनका द्वारा ब्रिकी कर दी गई है। मौके पर 17 व्यक्तियों के मकान भी बन गये है तथा कच्चा रास्ता भी बना है।

उमा गोयनका द्वारा कृषि भूमि पर प्लाटिंग की गई है। कंपनी के पास कालोनाइजर का लायसेंस नहीं है इसलिए देवरी मझगवां स्थित इस कालोनी को कलेक्टर न्यायालय ने अवैध माना है।

सक्षम अधिकारी एवं न्यायालय कलेक्टर कटनी ने ग्राम पंचायत देवरी मझगवां स्थित भूमि खसरा नंबर 47/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1 की रकवा 0.80 हेक्टेयर भूमि को खसरे के कालम नंबर 12 में अहस्तांतरणीय दर्ज करने के आदेश दिये है। और संबंधित भूमि का नामांतरण और बंटवारा आदि की कार्यवाही पर रोक लगाते हुए अभियोजन की कार्यवाही करने निर्देशित किया था।

#### कलेक्टर कोर्ट ने माना दोषी

एस.डी.एम विजयराघवगढ़ द्वारा उमा गोयनका के विरूद्ध कलेक्टर कटनी के न्यायालय में मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम के तहत कार्यवाही हेतु प्रकरण प्रस्तुत किया था। जिस पर कलेक्टर कोर्ट ने कारण बताओ नोटिस जारी किया। नियत पेशी दिवसों में लगातार अनुपस्थित और सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी कालोनाइजर रजिस्ट्रीकरण , प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकास अनुज्ञा पत्र , नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा स्वीकृत अभिन्यास की प्रति नहीं प्रस्तुत करने पर आरोप प्रमाणित मानते हुए मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 61 (घ) 2 का उल्लंघन किये जाने का दोषी माना गया।

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61 की उपधारा दो के तहत कालोनी निर्माण करने वाला कोई व्यक्ति जो कालोनी निर्माण करने के उद्देश्य से अपनी या किसी अन्य की भूमि को नियमों को भंग कर भू-खण्डों में विभाजित करता है। यह संज्ञेय अपराध है और इसमें 3 वर्ष से 7 वर्ष तक के कारावास और 10 हजार रूपये तक के जुर्माने से दण्डित करने का प्रावधान है।

---

### प्रशिक्षण का आयोजन आज

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दिवस पर मत प्रतिशत की प्रति दो - दो घंटे की एकजाई जानकारी प्राप्त करने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा पीठासीन अधिकारियों के लिए तैयार मत प्रतिशत मोबाइल एप का प्रशिक्षण कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्ष में शनिवार 30 मार्च को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी कम्यूनिकेशन प्लान श्री शिशिर गेमावत ने नोडल अधिकारी प्रशिक्षण को समस्त मास्टर ट्रेनरों, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को विधानसभा स्तरीय आई.टी टीम तथा विधानसभा स्तर पर एप के संचालन हेतु कम्यूनिकेशन सह कंट्रोल रूम टीम को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए है।

---

# रबी सीजन की फसल प्रबंधन के लिए सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में रबी सीजन में गेहूं, चना, मटर, मसूर और तिलहनी फसलों की कटाई एवं गहाई का कार्य जारी है। लगातार तापमान में बढ़ोतरी होने से फसलों के सही समय पर उचित प्रबंधन न करने से उत्पादन और गुणवत्ता दोनों ही पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। अतः किसानों के हित में कृषि विभाग द्वारा जारी ध्यान रखने योग्य बातों के तहत देरी से बोई गई दलहनी फसलें कटाई हेतु परिपक्व हो चुकी हो। जब ऊपरी पत्तियां और तना सूख चुका हो, 70-80 प्रतिशत फलियां पक चुकी हो। फली से दाने निकाल कर काटा जाए और कट की आवाज आए। तब फसल कटाई हेतु तैयार है। मसूर की कटाई सुबह के समय करने से दाने झड़ने से बचा जा सकता है।

#### करें ये उपाये

गेहूं को दानों में 25-30 प्रतिशत नमी की स्थिति में कटाई करनें, अधिक परिपक्व होने की अवस्था में कटाई करने पर दाने झड़ने और चूहों कीट-व्याधि के प्रकोप से उपज में कमी होती है कटाई करने के बाद खलिहान में 4-5 दिन सुखाकर गहाई कर 10-12 प्रतिशत नमी में भंडारित कर लेना चाहिए। परंतु दलहनी फसलों में नमी 10 प्रतिशत से अधिक नही होनी चाहिए। उपज की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु उपज को ज्यादा समय तक खलिहान में न रखे। असामयिक प्राकृतिक आपदाओं (बिजली, वर्षा, और आग इत्यादि) से बचाव हेतु गहाई समय पर कर खलिहान से उपज को सुरक्षित भंडारित करनें हेतु कहा गया है।

## खबर संक्षेप

### असत्यापित पंजीकृत कृषकों के रकवे का होगा सत्यापन

**कटनी।** रबी उपार्जन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन हेतु पंजीयन नीति अनुसार ई-पोर्टल पर पंजीकृत किसानों के असत्यापित रकवो के सत्यापन का कार्य किया जाना है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक ने पत्र के माध्यम से जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा वन एवं तहसीलदारों को विकासखण्ड विजयराघवगढ़, बड़वारा, स्लीमनाबाद, बहोरीबंद, ढ़ीमरखेडा एवं रीठी, बरही, कटनी के पंजीकृत किसानों की चना, मसूर एवं सरसों के असत्यापित रकवें का उपार्जन नीति अनुसार सत्यापन किये जाने का आग्रह किया है।

### जागरूकता अभियान के तहत मैच आज से

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन एवं जिला पंचायत के सी.ई.ओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 30 मार्च से 11 अप्रैल तक प्रतिदिन रेलवे ग्राउंड, ऑर्डिनेंस ग्राउंड, पुलिस ग्राउंड एवं फॉरेस्ट ग्राउंड में प्रातः 7:30 बजे से क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत द्वारा क्रिकेट मैच आयोजन को सफल बनाने हेतु अनिल त्रिपाठी सहायक परियोजना समन्वयक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर चार अधिकारी कर्मचारियों एवं चार सहयोगी कर्मचारियों को खेल मैदान पर बैनर, फ्लैक्स एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का दायित्व सौंपा गया है।

### गतिविधियों के संचालन के लिए कर्मचारी संलग्न

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर वीडियोग्राफी से संबंधित गतिविधियों हेतु डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी तथा श्रम पदाधिकारी के.बी मिश्रा को सहायक नोडल अधिकारी वीडियोग्राफी नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना कमलकांत परस्ते द्वारा एक आदेश जारी करते हुए वीडियोग्राफी से संबंधित समस्त गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी के साथ श्रम विभाग के सहायक ग्रेड -3 शुभम दाहिया एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर हिमांशु झारिया को संलग्न किया जाकर सौपे गए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### खेत गई महिला को सर्प ने काटा, हालत गंभीर



**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत ग्राम हदरहटा में बीती रात एक महिला को सर्प ने काट लिया। बरही से 15 किलोमीटर दूर स्थित हदरहटा निवासी कलावती केवट 40 वर्ष पति कमला प्रसाद केवट अपने घर के पीछे खेत गई थी। तभी रात में अचानक उसे जहरीले सर्प काट लिया, जिससे उसकी हालत गंम्भीर हो गई। आनन फानन में परिजनों ने 108 की सहायता से बरही अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर कटनी रेफर किया है। इसी तरह नगर परिषद बरही में सरस्वती स्कूल स्टेशन रोड में कोबरा प्रजाति का सर्प दिखने से हडकंप मच गया। कर्मचारियों ने सर्प निकलने की सर्प विशेषज्ञ को देकर बुलाया। सर्प मित्र ने पहुंचकर रेस्क्यू कर सर्प को ढूंढा और जहरीले कोबरा को पकड़कर थैला में भर लिया। सर्प विशेषज्ञ ने कोबरा को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया है।

## मार्च के महीने में मई व जून की गर्मी का हो रहा अहसास, अभी से जनमानस बेहाल

# गर्मी के तल्ख तेवर, झुलसाने लगी हवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



इस साल मार्च के महीने में ही गर्मी ने रिकॉर्ड तोडऩा शुरू कर दिया है। इससे मई और जून में क्या हाल होगा ये सोचकर ही लोग अभी से चिंतित हो गए हैं। आमतौर पर मार्च में गर्मी दस्तक देती है। मार्च की रातें ज्यादा गर्म नहीं होती हैं। पंखे से भी काम चल जाता है लेकिन इस बार दिन के साथ साथ मार्च की रातें भी गर्म हो रही हैं। गर्मी का सितम केवल रात ही नहीं बल्कि दिन में भी कहर ढाने लगा है। बीते तीन चार दिनों की बात करें तो लगातार मैक्सिमम और मिनिमम टेंपरेचर बढ़ रहा है। मार्च महीने में अधिकतम तापमान की बात करें 40 डिग्री सेल्सियस तक रिकार्ड किया गया। मिनिमम टेंपरेचर ज्यादा होने से रातें गर्म होने लगी हैं। रात में भी पसीने छूट रहे हैं। यह इस बात का संकेत दे रहा है कि आने वाले दिनों में कई और रिकार्ड टूटने की संभावना है।

### तेजी से बढ़ने लगा तापमान

टेंपरेचर बढऩे से धूप में तेजी शुरू हो गई है। सुबह 10- 11 बजे से ही सडक़ों में निकलने वाले लोग मुंह और हाथ को कवर करके निकलने लगे हैं। बढ़ती गर्मी से लोगों को राहत देने के लिए शिकंजी, कोल्ड ड्रिंक, आइस्क्रीम की दुकानें भी सज गई हैं। बढ़ते पारे को सेहत के लिहाज से काफी चुनौतीपूर्ण माना जाता है. ऐसे में लापरवाही बरतना आपको कई तरह की बीमारियों का शिकार बना सकता है।

### एहतियात है बेहद जरूरी

डॉक्टरों का कहना है कि फूड पॉइजनिंग की दिक्कत गर्मी की सबसे आम बीमारियों में से एक है। दूषित भोजन या पानी के सेवन के कारण होने वाली यह समस्या व्यक्ति को गंभीर रूप से बीमार कर सकती है। गर्मी के दिनों में बढ़े तापमान के कारण भोजन में बैक्टीरिया, वायरस, विषाक्त पदार्थ तेजी से पनपने लगते हैं जो शरीर में प्रवेश करने के बाद पेट दर्द, मतली, दस्त या उल्टी जैसी समस्याओं का कारण बनते हैं इससे बचाव के लिए बासी भोजन, या ऐसे किसी भी चीज को खाने से बचें जो पुरानी हो या फिर जिसमें अस्वच्छता का जरा भी संदेह हो उपयोग न करें। इस मौसम में डिहाइड्रेशन की समस्या यानी शरीर में पानी की कमी होना एक आम समस्या है। अगर इस पर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो इसके कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम हो सकता है।

मार्च के महीने में गर्मी के तेवर से समय लू के थपेड़ों का अहसास कराने लगी है। बढ़ती तपिश के साथ दैनिक कार्यों की रफ्तार थमती नजर आ रही है। गर्म हवाओं से अब गला भी सूखने लगा है। फलों के जूस, गन्ने का रस, नींबूपानी, छाछ, लस्सी आदि ठंडे पेयों की मांग बढ़ने लगी है। मौसम विभाग की मानें तो इस वर्ष अन्य वर्षों की अपेक्षा अधिक गर्मी पड़ने के आसार हैं। सूर्य की तीखी किरणें पूर्वान्ह से ही चुभने लगी हैं। दोपहर में तो धूप में एक पल खड़े होना मुश्किल हो गया था। लोग छांव की तलाश करते दिख रहे थे।

इस मौसम में विशेष एहतियात बरतने की आवश्यकता होती है। शरीर से अत्यधिक मात्रा में पसीना निकलने से जहा डीहाइड्रेशन की समस्या परेशान करती है, वहीं गंदगी भी कई बीमारियों की वजह बनती है। ऐसे पेय पदार्थो से बचें जो पेट में गैस पैदा करते हैं। खासकर चाय का सेवन बहुत कम कर दें।

डाक्टरों के अनुसार नारियल पानी इस मौसम में सेहत के लिए काफी फायदेमंद भी होता है। जौ भी काफी फायदेमंद साबित होती है। इसे दही में डाल कर सत्तू के रूप में भी खा सकते हैं या इसे उबाल कर टमाटर, खीरा, मिर्च, हरी चटनी, नमक आदि मिलाकर खाया जा सकता है। रोटी में भी जौ के आटे का इस्तेमाल करें। गेहूं और जौ का आटा बराबर मात्रा में मिलाकर रोटी बनाएं। यह शरीर को ठंडा भी रखेगी और पेट भी ठीक रहेगा। इसके अलावा चने को भी डाइट में प्रमुखता से शामिल करें। काला और हरा चना दोनों ही इस मौसम में ज्यादा खाना चाहिए, क्योंकि इसकी तासीर ठंडी होती है। इससे पेट नहीं फूलता और भूख भी शांत हो जाती है।

गर्मी से बचने के लिए चेहरे को तेज धूप से बचाएं। घर से निकलने के पहले चेहरे पर अच्छी क्वालिटी की सनस्क्रीन लगाएं जो सूर्य की किरणों से रक्षा करेगी। आखों को संक्रमण और धूल-मिट्टी से बचाने के लिए धूप वाला चश्मा जरूर लगाएं। धूप और तापमान बढ़ने से शरीर में पानी की कमी होने लगती है, जिससे त्वचा की चमक खत्म हो जाती है।

### छात्र-छात्राओं ने मतदान को लेकर किया जागरूक

**ढीमरखेड़ा।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदाताओं को जागरूक करने विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मप्र जन अभियान परिषद के अंतर्गत संचालित होने वाली सीएमसीएलडीपी कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने उमरियापान महाविद्यालय परिसर में रविवार को होली का रंग, लोकतंत्र के संग की थीम पर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया।इस मौके पर सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं ने जमकर गुलाल उड़ाया। छात्र छात्राओं और परामर्शदाताओं ने एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाया। होली पर्व की शुभकामनाएं देने के साथ लोकतंत्र के उत्सव में सहभागिता निभाने और मतदान करने को कहा।विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप गांव के प्रत्येक नागरिकों जानते और पहचानते हैं। जो 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं व मतदाता सूची में नाम शामिल हैं,ऐसे प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि आप सभी गांवों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें

## मानव श्रृंखला व रंगोली बनाकर किया गया जागरूक

# सभी का प्रयास होना चाहिए कि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे



हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में लगने वाली सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं ने स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता का संदेश देने वाली रंगोली बनाई। वहीं मानव श्रंखला बनाकर बच्चों ने भी लोगों से मतदान करने का आव्हान किया। रंगोली प्रतियोगिता में शामिल छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन करने के लिए विकासखंड समन्वयक बबीता शाह,सेक्टर प्रभारी कोदूलाल हल्दकार, अंकित झारिया, परामर्शदाता शैलेश दुबे, सुमित सिंह ठाकुर, सुरेश दुबे, धर्मेन्द्र गर्ग, अमर सिंह जोगी सहित अन्य शामिल हुए।

रंगोली प्रतियोगिता की थीम सुगम और सरल मतदान, मतदाता जागरूकता रखी गई थी।विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने मतदाता जागरूकता के लिए छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली की सराहना करते हुए कहा कि इससे मतदाताओं को 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की प्रेरणा मिलेगी और जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में सफलता मिलेगी। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं से कहा कि जो छात्राएं 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी है वे 19 अप्रैल को अपने मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान अवश्य करें और अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें। हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रहे।

उन्होंने रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागियों से कहा कि वे मतदान अपने स्वयं के विवेक से करें और किसी के बहकावे या प्रलोभन में आकर मतदान न करें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता को स्वतंत्र और निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए।इसके अलावा बैनर पोस्टर के साथ छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

## सपा प्रदेश महिला अध्यक्ष ने ली भाजपा की सदस्यता



समाजवादी पार्टी की प्रदेश महिला अध्यक्ष डाक्टर अनीता रंजन अपने सहकर्मियों के साथ ने भोपाल में जाकर शुक्रवार की शाम भाजपा में शामिल हो गईं। अनीता रंजन ने मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन, डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला, नरोत्तम मिश्रा की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली। अनीता रंजन ने बताया कि सपा द्वारा राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करने से उनकी भावनायें आहत हुई। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देश विकास, महिलाओं को सशक्त बनाने, जन जन को लाभांवित करने की योजनाओं से प्रभावित होकर ही भाजपा में शामिल हुईं।

# गोगो सिगरेट बेचने पर जब्त किया स्टॉक, विक्रेता को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर में बढ़ रहे नशे के ग्राफ को ध्यान में रखते हुए कोतवाली प्रभारी आशीष शर्मा ने विभिन्न दुकानों में भ्रमण कर गोगो सिगरेट बेचने वालों को सख्त लहजे में हिदायत दी। साथ ही नशे के लिए उपयोग किए जाने वाले गोगो सिगरेट को जप्त किया

गांधीगंज क्षेत्र में भ्रमण करते हुए कोतवाली थाना प्रभारी स्टाफ सहित एक दुकान पर पहुंचे जहां पर गोगो सिगरेट का दुकानदार के द्वारा खुलेआम विक्रय किया जा रहा था। थाना प्रभारी श्री शर्मा ने दुकान में मौजूद युवक को कड़ी फटकार लगाते हुए वहां मौजूद पूरा स्टॉक जप्त कर लिया। साथ ही उन्होंने दुकानदार को यह भी हिदायत दी कि इसके बाद यदि गोगो बेचते पाए गए तो फिर तुम्हारी खैर नहीं।



### बढ़ रहीं अपराधिक घटनाएं

कोतवाली थाना प्रभारी श्री शर्मा ने स्टाफ सहित आज कई दुकानों पर गोगो सिगरेट की तलाश की। कुछ दुकानों पर सिगरेट मिलने के बाद दुकानदारों को कड़ी फटकार लगाते हुए उन्होंने इस तरह के किसी भी सामग्री का विक्रय न करने की दुकानदारों को हिदायत दी। आपको बता दें कि नशे का ग्राफ बढ़ाने के कारण ही शहर में आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। गांजा और सफेद पाउडर के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले गोगो सिगरेट का सर्वाधिक उपयोग युवा वर्ग ही करते हैं। बीते आपराधिक रिकार्ड पर नजर डालें तो नशे में चूर कई युवाओं ने छोटी-छोटी बात पर गंभीर वारदातों को अंजाम दिया है।

## ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के शाहडार में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जंगलों को आग से बचाने एवं अग्नि हादसों में काबू पाने दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के शाहडार में कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें अग्नि हादसों में काबू करने का प्रशिक्षण कर्मचारियों को दिया गया।वन विभाग में अधिकारियों के अलावा वन कर्मियों को जंगलों की आग को बुझाने के लिए प्रशिक्षण देने का सिलसिला शुरू कर दिया गया है।

कटनी वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा के निर्देशन में उप वन मंडल कटनी (पश्चिम) स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के शाहडार के जंगल में किया है।प्रशिक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा, वनोपज संग्रहण, जैव विविधता, भारतीय वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में ढीमरखेड़ा,



बहोरीबंद, रीठी वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले वन विभाग के अधिकारियों,वन कर्मियों के अलावा समिति श्रमिक शामिल रहे।

ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा और रीठी वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश पटेल के द्वारा उपस्थित वन कर्मियों को वनों में आग लगने पर नियंत्रण किस प्रकार करना है,अग्नि लाईन कटाई को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई।जंगलों को आग से बचाने और आम लोगों की सहभागिता को इसमें बढ़ाने के उपाय भी बताए गए। इतना ही नहीं वनाग्नि से जुड़े उपकरणों का सटीक प्रयोग करने के भी तरीके बताए गए।फायर कंट्रोल रूम में काम करने के तरीके और आग लगने की घटनाओं को डाटा के रूप में एकत्रित करने के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर तक को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है।इसके साथ ही वन परिक्षेत्र में विगत वर्षों में जिस-जिस वन क्षेत्रों में अग्नि घटना घटित हुई है, उन्हें चिन्हित कर चिन्हित स्थलों को अति संवेदनशील मानते हुए आगामी अग्नि सीजन में किसी प्रकार की कोई घटना घटित न हो इस पर विशेष ध्यान देने कहा गया। जिसके तहत ग्रीष्मकाल के दौरान वनों को आग से बचाने के लिए सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। वहीं इस ओर ग्रामीणों को निरंतर समझाईश देने कहा गया।फील्ड में वॉकी-टॉकी के उपयोग पर भी अलग से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारी और वन कर्मी भी खासे उत्साहित दिखे। उनके द्वारा भी इसमें रुचि दिखाई गई। इस दौरान वन कर्मियों के तमाम सवालों या संदेह का भी निराकरण अधिकारियों के द्वारा किया गया।

## सताने लगा गर्मी का मौसम, नगर में घड़े बेचने पहुंचे कुंभकार

# शीतल जल के लिए सस्ते देशी फ्रिज की बढ़ने लगी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गर्मियों में ठंडे पेयजल के रूप में काम में लिए जाने वाले मिट्टी के घड़ों की मांग अब बढ़ने लगी है। सेहत के लिए उत्तम एवं बेहतर पेयजल हमेशा प्रदान करने वाले गरीबों के फ्रिज अब नगर में बिकवाली के लिए उपलब्ध हो गये हैं। चांडक चौक में कुंभकारों ने अपनी दुकानें लगा ली हैं। जिले में भी तेज धूप अब झुलसाने लगी है। ऐसे में शीतल पेयजल के लिए लोग मटके खरीदने लगे हैं। मौजूदा वैज्ञानिक युग में देशी फ्रिज का स्थान बिजली से चलने वाले फ्रिज ने ले लिया है। इसीलिए समय के साथ अब इनका महत्व भी धीरे धीरे कम होने लगा है लेकिन मध्यम और गरीब तबके के लोग आज भी गर्मियों में ठंडे पानी के लिए मटके का ही उपयोग कर रहे हैं।

सैकड़ों सालों से लेकर आज भी लोग इन घड़ों का जल प्रयोग करते आ रहे हैं। इन घड़ों का जल आज भी लोग बड़े चाव से पीते हैं। बेशक बिजली से चलने वाले फ्रिज ने घड़ों का स्थान ले लिया है लेकिन आज भी कुछ



उत्सवों पर इन देशी फ्रिज का वजूद देखने को मिल रहा है। गरीबों के घडे.अर्थात देशी फ्रिज आज के वैज्ञानिक युग में भी उतने ही लोकप्रिय हैं जितने पहले के जमाने में होते थे। घड़े बनाने वालों की मुसीबतें बढ़ जाने से उनकी रोटी रोजी के लाले मंडराने लगे हैं। अब तो गिने चुने घड़े बनाने वाले लोग ही घड़ों का निर्माण करते हैं वरना उन्हें घड़े खरीदकर लाने पड़ रहे हैं। कड़ी मेहनत के बाद भी अच्छे दाम नहीं मिलने से अब कुम्हार भी मिट्टी के बर्तन बनाने में विशेष रूचि नहीं दिखा रहे हैं। नई पीढ़ी भी पुश्तैनी काम में रूचि नहीं ले रहें। कहा जा सकता है कि आने वाले समय में गरीबों के फ्रिज शायद बमुश्किल ही मिल पाएंगे। गरीबों के फ्रिज घड़े आज उतने लोकप्रिय नहीं हैं जितने पहले होते थे। आज भी भीषण गर्मी में सड़क किनारे मटकों में शीतल पेयजल मिलता हैं जहां ठंडा पानी पीने के लिए राहगीर रुकते हैं। घड़ों का पानी पीकर वे शकुन महसूस करते हैं। बुजुर्ग तो आज भी फ्रिज को विभिन्न रोगों का कारण मानते हुए घड़ों के पानी को ही पसंद करते हैं।

मिट्टी के घड़ों का व्यापार करने वाले कुम्हारों का कहना है कि पहले उनके गांव की मिट्टी बेहतर होती थी लेकिन ईट भट्टा लग जाने से उनको वो मिट्टी नहीं मिलती है और वे मजबूरन कहीं दूसरे स्थानों से बने बनाए घड़े लेकर आते हैं। आसपास की मिट्टी आज भी घड़े बनाने के लिए बेहतर नहीं है, मिट्टी को लाना महंगा पड़ता है। बेशक घड़ों की कद्र कम हो गई हो, लेकिन आज भी घड़ों को भुलाया नहीं जा सकता है। घड़ों में पानी लंबे समय तक ठंडा रहता है, जिसे पीने से शरीर को किसी प्रकार की कोई हानि नहीं होती हैं। ये घड़े बारीक-बारीक छिद्रों से युक्त होते हैं। पानी इन छिद्रों से सदा रिसता रहता है। वैज्ञानिक तथ्य के अनुसार जब पानी का वाष्पीकरण होता है तो ठंड महसूस होती है और घड़ों में पानी ठंडा हो जाता है। यह पानी पीने के लिए हानिकारक नहीं होता है क्योंकि यह प्राकृतिक पदार्थ मिट्टी में रखा जाता है, जिस मिट्टी में यूजीनोल जैसे पदार्थ होते हैं।

# नोडल अधिकारियों से तैयारियों संबंधी की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने लोकसभा निर्वाचन- 2024 के नोडल अधिकारियों से तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में सभी नोडल अधिकारी जिन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उन कार्यो के लिए उत्तरदायी है। सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर लें तथा जहां भी कठिनाईयां हो तत्काल अवगत कराएं। जिससे उनका निराकरण किया जा सके।

कलेक्टर ने बैठक में मतदान केन्द्रों मे सभी आवश्यक सुविधाएं, आदर्श आचरण संहिता के पालन के लिए गठित संपत्ति विरूपण दल, एफएसटी, व्हीएसटी, व्हीव्हीटी, एमसीएमसी मतदान संपन्न कराने हेतु डाटाबेस की तैयारी, मतदान दलों में लगने वाले मतदानकर्मियों की संख्या, मतदान दल को मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने के लिए वाहनो

### कठिनाईयां हो तो बताये ताकि समय पर निराकरण हो सके

की व्यवस्था, मतदान दलो का रूट, मतदान दलो के प्रशिक्षण, मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान सामग्री की उपलब्धता तथा उनके पैकेट तैयार करने की तैयारी, कंट्रोल रूम की स्थापना, प्रशिक्षण तथा स्वीप गतिविधियों, मतदान दलों का गठन, मतदान के पश्चात स्ट्रांग रूम की व्यवस्था, शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था की समीक्षा की।

### बैठक में ये रहे मौजूद

इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते एवं संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा सहित सभी नोडल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी वर्चुअली जुड़े रहे।

## खबर संक्षेप

### विश्रामगंज घाटी के पास टैंकर पलटा, चालक घायल, बड़ा हादसा टला

**पन्ना।** अजयगढ़ रोड की विश्रामंगज घाटी में डीजल व पेट्रोल लेकर आ रहा एक टैंकर पलट गया। प्राप्त जानकारी अनुसार बीना रिफाइनिंग डिपो से टेंकर क्रमांक एमपी 16 बीए 1987 अजयगढ़ के बहादुरगंज स्थित पैट्रोल पंम्प जा रहा था जो बीती रात विश्रामंगज घाटी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे के संबंध में टैंकर चालक बीरेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि वह बीना डिपो से अजयगढ के लिये आ रहे थे तभी अचानक विश्रामगंज घाटी में टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें चालक के सिर एवं पैरों में गंभीर चौटें आयी हैं। हेल्पर भी घायल हो गया है। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया गया जहाँ डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार उपरांत गंभीर हालत की वजह से जिला अस्पताल पन्ना रेफर कर दिया गया है।

### कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर लगाया प्रतिबंध

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने म.प्र. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 अंतर्गत संपूर्ण पन्ना जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में आगामी दो माह तक नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जनसामान्य के स्वास्थ्य हित व लोकशांति बनाए रखने के दृष्टिगत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर किसानों द्वारा धान, गेहूं इत्यादि फसलों की कटाई के बाद शेष नरवाई जलाने की गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा फसल कटाई के लिए कंबाइन हार्वेस्टर में भूसा मैनेजमेंट सिस्टम होना भी अनिवार्य है अन्यथा संबंधित किसान के साथ हार्वेस्टर संचालक के विरूद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

निर्वाचन के दौरान टीमों को कोई समस्या हो तो वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर लें-पुलिस अधीक्षक

# टीमों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी जाये - व्यय प्रेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 07- दमोह के निर्वाचन हेतु आप सबकी विधिवत ट्रेनिंग हुई होगी। हर निर्वाचन में नये नियम होते हैं, निर्वाचन नियमावली में जो दिया गया है उसे पढ़ लें। यदि टीमों द्वारा कोई कार्यवाही की गई है, तो उसकी जानकारी उच्च अधिकारियों सहित निर्वाचन आयोग को दी जानी चाहिये। इस आशय के निर्देश व्यय प्रेक्षक विनय कुमार कनथेती (आई.आर.एस.) ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित संसदीय क्षेत्र के नोडल अधिकारियों, एफएसटी, एसएसटी, व्हीव्हीएसटी टीमों की संयुक्त बैठक में दिये। इस



अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम सहित सहायक रिटर्निंग आफीसर्स, पुलिस अधिकारी गण मौजूद थे। व्यय प्रेक्षक विनय कुमार कनथेती ने कहा निर्वाचन के लिये एक सेटअप है जहां जप्ती होती है, निर्वाचन आयोग को उसकी रिपोर्ट दी जानी चाहिये। पुलिस चेक पोस्ट पर भी कार्यवाही होती है तो संबंधित को जानकारी दी जाना चाहिये।

व्यय प्रेक्षक श्री कनथेती ने कहा निर्वाचन के दौरान जितनी तैयारी होगी उतना बेहतर होगा। निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की गलती नहीं होनी चाहिये, जो भी जप्ती हो उसकी जानकारी तुरंत दी जाये। आपका फीडबैक बहुत महत्वपूर्ण है, लोकसभा निर्वाचन में 3 जिले की 8 विधानसभायें हैं, ऐसे में आपका काम बढ़ जाता है। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा निर्वाचन में बताये गये नियम कानून को पढ़ लें, समझ लें, निर्वाचन के दौरान टीमों को किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लिया जा सकता है। उन्होंने कहा हम निर्वाचन में अच्छा काम करेंगे, किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं होगी। सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने कहा प्रेक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार कार्यवाही होगी। आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है इसके लिये अतिरिक्त टीम लगाई जायेगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने कहा निष्पक्ष और निर्भीक होकर निर्वाचन कराये जायेंगे। सभी टीमें मिलकर अच्छे से निर्वाचन कार्यो का निर्वहन करेंगे। बैठक में, एफएसटी, एसएसटी, व्हीव्हीएसटी टीम द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

## आरटीई की सीटों पर स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण 2 अप्रैल से

**दमोह।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अतंर्गत वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के निशुल्क प्रवेश सत्र 2024-25 हेतु निर्देश जारी किये गये थे। इस संबंध में जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने बताया मध्यप्रदेश शासन द्वारा ऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से छात्रों को विद्यालय में प्रथम चरण में प्रवेश दिया जा चुका है, प्रथम चरण के उपरांत स्कूलों में रिक्त रह गई सीटों पर प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जानी है। सत्र 2024-25 द्वितीय चरण की प्रक्रिया हेतु निर्देश जारी किये गये है जिसके अनुसार आवेदकों को पृथक से आवेदन एवं सत्यापन कराने की आवश्यकता नहीं है। आवेदन में केवल स्कूल की च्वाइस ही अपडेट हो सकेगी। उन्होंने बताया द्वितीय चरण में स्कूल च्वाइस अपडेट करने हेतु वह आवेदक पात्र नहीं है, जो सत्यापन उपरांत अपात्र पाये गये थे। जिन आवेदको को प्रथम चरण में स्कूल आवंटन हुआ है एवं आवंटित स्कूल में प्रवेश ले लिया गया है, वह द्वितीय चरण हेतु पात्र नहीं है। आवेदक जिन्होंने सत्र 24-25 प्रथम चरण में आवेदन किया था एवं सत्यापन उपरांत पात्र पाये गये थे, किन्तु प्रवेश चरण में कोई स्कूल आवंटित नहीं हुआ है अथवा प्रथम चरण आवंटन उपरांत सम्बंधित स्कूल में प्रवेश नहीं लिया गया है वह द्वितीय चरण हेतु स्कूल की च्वाइस अपडेट कर सकते है।

### द्वितीय चरण हेतु प्रवेश प्रक्रिया

द्वितीय चरण की प्रक्रिया में आवेदकों द्वारा स्कूलों की च्वाइस अपडेट की प्रक्रिया 02 से 04 अप्रैल तक की जा सकेगी। द्वितीय चरण हेतु ऑनलाइन लॉटरी 08 अप्रैल को निकाली जायेगी तथा आवंटन उपरांत स्कूल में प्रवेश एवं संबंधित स्कूल द्वारा मोबाइल एप से एडमीशन रिपोर्टिंग 12 से 18 अप्रैल 2024 तक की जायेगी। शेष निर्देश पूर्ववत ही रहेंगे।

## संत महात्मा सूर्य चंद्रमा के समान है : मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी

**मडियादो।** कस्बे में गुरुवार सुबह मुनि पंगुव श्री 108 सुधा सागर जी महराज ने मंगल प्रवेश किया । महराज के आगमन के साथ ही कस्बे में धर्ममय माहौल बन गया। महराज जी प्रवेश के साथ पाद प्रक्षालन घर घर हुआ। सुधा सागर महाराज द्वारा जैन मंदिर मंच से अपनी मंगल वाणी से अमृत वचन का रसपान सभी को कराया। अमृत प्रवचन में बताया की भारत की अखंडता, एकता और विश्व शक्ति बनने के पीछे भारतीय संस्कृति है ,और यह संस्कृति मानव की देन है । क्योंकि मानव मात्र ही वह योनि है जो प्रकृति के उसूलों को मानकर भगवान के विधि विधान मानकर संस्कृति का निर्माण करता है। भारतीय संस्कृति मानवता का अनुसरण करती है। विज्ञान मानववादी



सिदांत पर कार्य करता है। जबकि हमारा देश ऋषि, संत धर्म मानवतावादी है। विश्व में भारत एक मात्र देश है जो मानवतावाद को मानता है। उपदेश में बताया की भारत देश संत महात्मा और तपस्यियों की भूमि है और यह सभी सूर्य चंद्रमा के समान है सभी के लिए समान प्रकाश और शीतलता प्रदान करते है । इसी तरह संत ,महापुरुष भी सर्व सुखी और सर्व कल्याण की भावना रखते है। गाय हिंदुओ के पास होती है वह कसाई तक कैसे पहुंचती इस पर विचार करे। कसाई को गाय मत दो । गौवंश की रक्षा के लिए भारतीय यह नियम बना ले की गौ वंश ने जिस घर में जन्म लिया उसी घर में वह आखरी सांस लेगी। वह दिन दूर नही जब अपने आप कसाईखाने बंद हो जाएंगे। बचा हुआ समय, भोजन, मन, ओर धन मत दान करो ,क्योंकि ऐसा करके आप अपमान कर रहे होते है। सबसे पहले समय धर्म को दे। भारत में बड़ा सुन्दर नियम है की सभी लोग प्रातः मंदिर जाते है क्योंकि सबसे पहले समय धर्म को बाद में अन्य कुछ। राम लक्ष्मण संवाद के माध्यम से बताया की भगवान श्री राम सर्वोच्च पूज्य और विश्व भर में आराध्य है क्योंकि उन्होंने ईश्वर होकर मानव जीवन जिया और मानव जीवन में आने वाले कष्ट सहकर मानवता और धर्म संस्कृति का मार्ग दिखाया। वनवास के दौरान जनक नंदनी की खोज के दौरान राजा सुग्रीव की करुण पुकार सुनी और अपना दुख भूलकर सुग्रीव की मदद की। मतलब अपने दुख को भूलकर दूसरो का दुख समझा यही यही उनके हर संप्रदाय में सर्वोच्च आराध्य और पूज्य होने का मूल कारण है। मानव ने जिस दिन अपना दुख भूलकर दूसरों के दुख दूर करना शुरू कर दिया समझ लो उसने श्री राम को समझ लिया।

## 11 वर्ष बाद मुनिराजों का हुआ महामिलन

### मुनि दीक्षा दिवस पूरे विश्व सहित पथरिया में धूमधाम से मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

महासमाधिधा आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के शिष्य प.पू.आचार्य श्री समयसागर जी मुनिराज के आज्ञानुवर्ती प.पू. मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं प.पू. मुनिश्री भावसागर जी महाराज प.पू.मुनिश्री निरापद सागर जी महाराज, प.पू.मुनिश्री आगम सागर जी महाराज प.पू.मुनिश्री पुनीत सागर जी महाराज का महामिलन, श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर हथकरघा परिसर पथरिया जिला दमोह (मध्य प्रदेश) में 29 मार्च 2024 को प्रातः काल की वेला में हुआ जगह-जगह पाद प्रक्षालन हुआ, आरती उतारी गई। धर्म सभा का आयोजन हुआ इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री निरापद सागर जी महाराज ने कहा कि मुनिराजों के दर्शन करके आनंद की अनुभूति हो रही है। मुनि श्री भाव सागर जी महाराज



ने कहा कि मुनिराजो के दर्शन 11 वर्ष बाद हुए है हम सभी की मुनि दीक्षा एक साथ हुई थी मुनि श्री पुनीत सागर जी महाराज ने कहा कि हमें विश्वास है कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने समाधि मरण की तिथि पहले से जान ली होगी। उन्हें अवधि ज्ञान का क्षयोपशम पहले से रहा होगा। मुनि श्री आगम सागर महाराज जी ने कहा कि जिस दिन नेमावर में मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज की मुनि दीक्षा हुई थी उस दिन मेरा एम कॉम का पेपर था। कमेटी ने बताया कि मुनि श्री की पद यात्रा दमोह ,कुंडलपुर सिद्ध क्षेत्र तक , राजस्थान से चल रही है उनके पैरो मे छाले है गर्मी की तपन है फिर भी निरंतर आगे बढ़ते जा रहे है 1200 कि मी की पद यात्रा हो चुकी है। 31 मार्च को भावी आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का मुनि दीक्षा दिवस पूरे विश्व सहित पथरिया में धूम धाम से मनाया जाएगा।

## फेक न्यूज से रहें सावधान

**दमोह।** सोशल मीडिया में भ्रामक जानकारियां फैलाई जा रही हैं। इस संबंध में किसी भी प्रकार के तथ्य प्राप्त नही किए जा रहे है और बिना किसी प्रमाण के भ्रामक जानकारियों को सोशल मीडिया के माध्यम से लागों के बीच प्रसारित किया जा रहा है। यह कृत्य एवं आचरण कानूनी रुप से उचित नही है। नागरिकों से सोशल मीडिया में प्रकाशित एवं प्रचारित बिना तथ्यों की भ्रामक जानकारियों से बचने की अपील की गई है। सोशल मीडिया पर कोई भ्रामक जानकारी या अफवाह फैलाते पाए जाएंगे तो ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही संबंधित व्हाट्एप पर ग्रुप एडमिन के विरुद्ध भी आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## महिला महासभा ने मनाया होली मिलन



**दमोह।** महिला महासभा द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी होली मिलन समारोह मनाया गया जिसमें पूज्या दिव्या देवी द्वारा राधा कृष्ण श्याम के भजनों ने सभी का में मोह लिया ।साथ साथ फूल होली मनाई गई, इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही प्रदेश महामंत्री रमा अंग्रवाल ने कहा हसभी महिलाओं को*होली का रंग तो... कुछ पलों में धुल जाएगा दोस्ती और प्रेम का रंग नहीं धुल पाएगा। यही तो असली रंग है जिंदगी का जितना रंगोगे उतना गहरा होता जाएगा। भजनों का आनंद लेते हुए महिलाओं ने नृत्य किया जिसमें मुख्य रूप से प्रांतीय महामंत्री रमा अग्रवाल संभागीय उपाध्यक्ष रितु अग्रवाल जिला अध्यक्ष तारामणि अग्रवाल जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष किरण सुरेखा जिला महामंत्री संगीता अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष सुषमा सचिव डॉक्टर आभा,मंजू सुमित्रा आशा मंजुला अर्चना ज्योति शैल सारा आशी रश्मि प्रतिभा सरिता प्रमिला ज्योति रजनी विद्या प्रीति अर्चना ज्योति सुषमा सुनीता मंजू ।विनोद। रागिनी अंजली मंजू कुसुम प्राची प्रेमिला सुधा सीता रानी आदि की उपस्थिति रही।

## कोतवाली पुलिस ने पकड़ा आईपीएल सट्टा

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी दमोह के निर्देशन में थाना क्षेत्र मे आईपीएल सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आनंद सिह ठाकुर द्वारा थाना कोतवाली के स्टाफ को लगातार दमोह



शहर में जुर्म जरामय पतारसी हेतु आदेशित किया गया था जिसके तारतम्य में दिनाँक 28.03.24 को थाना प्रभारी कोतवाली आनंद सिह ठाकुर एवं कोतवाली पुलिस द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैच राजस्थान व दिल्ली के बीच चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा खेलते व खिलवाते हुये 04 आरोपियो के विरूद्ध 4(क) सट्टा एक्ट 109 ताहि के तहत कार्यवाही की गयी। विवेचना मे अन्य आरोपियो के विरूद्ध कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों में रिंकू यादव पिता उमा यादव उम्र 25 साल निवासी सिविल वार्ड नं. 4 दमोह, आयुष पांडे पिता स्व. श्री मनोज पांडे, उम्र 21, निवासी तीन गुल्ली, दमोह, सौरभ साहू पिता सीताराम साहू, उम्र 36, निवासी महाकाली चौक, दमोह, चक्रेश नामदेव पिता परषोत्तम नामदेव उम्र 42 साल निवासी फुटेरा वार्ड 4 दमोह को गिरफ्तार किया गया है। जप्तशुदा सामग्री में एक मोबाईल आईफोन कंपनी का कीमती 30000 रूपये, एक मोबाईल ओप्पो कंपनी का कीमती 25000 रूपये, एक मोबाईल बीबो कंपनी का कीमती 20000 रूपये, एक मोबाईल रेडमी कंपनी का मोबाईल कीमती 10000 रूपये, नगद चारो आरोपियो के कब्जे से 12650 नगद रूपये जब्त किये गये। कुल जप्तसुदा मशरूका - 97 हजार 650 रूपये का मशरूका जब्त किया गया। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियो के नाम थाना प्रभारी कोतवाली निरी० आनंद सिह ठाकुर, उनि योगेन्द्र गायकवाड, ए.एस.आई. रमाशंकर मिश्रा, प्रधान आर. अजीत दुबे, राकेश अठ्या, सौरभ टंडन आर. कृष्णकुमार, आकाश पाठक, राजकुमार सिह ठाकुर की मौजूदगी रही।

## फूलों व प्राकृतिक रंगों से मनाया फाग उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पांच दिवसीय रंगोत्सव का पर्व नगर में शुक्रवार को गायत्री शक्तिपीठ मंदिर परिसर में सैकड़ो महिलाओं ने एकत्रित होकर गुलाल व प्राकृतिक रंगों फूलों से फाग उत्सव मनाकर फाग गायन का आनंद उठाया एवं महिलाओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली मनाई। वही महिलाओं ने होली के गीत गाए जिसमें फागुन में उड़े रे गुलाल कहियो नंदरानी से, रंग मत डारे रे सांवरिया म्हारो गुजर मारे रे, आज ब्रज मैं होली रे रसिया जैसे होली के गीतों पर झूमते हुए आनंद उठाया जिससे सारा मंदिर प्रांगण वृंदावनमय हो गया। इस दौरान श्रीमती मोनिका राय अनुराधा प्रजापति ने कहा कि फाग महोत्सव का बड़ा स्थान होता है भारतीय संस्कृति के अनुसार होली अपने आप में एक बड़ा त्यौहार है जो एक दूसरे को जोड़कर चलती है हमारे पूर्वज और हम सभी होली के त्योहार को बड़े उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं। होली हमारे आपसी भाईचारा और पवित्र परंपराओं को जीवित रखने का साक्ष्य हैं और हमें इस परम्परा को निभाना चाहिए। वही पौराणिक कथा एवं पुराणों के अनुसार रंग वाली होली खेलने का संबंध भगवान श्री कृष्णा और ब्रज की किशोरी राधा रानी से है। कृष्ण ने ग्वाल वालों के संग मिलकर होली खेलने की प्रथा शुरू की थी यही कारण है कि आज भी ब्रज में धूमधाम से होली खेली जाती है। इस दौरान सुधा दुबे, सुनीता ताम्रकार, मोनिका राय, अनुराधा प्रजापति, सविता उपाध्याय, अनीता पाराशर, रीना व्यास, रजनी दुबे, वंदना शर्मा, वंदना पटैरया, रश्मि दुबे, ज्योति ताम्रकार सहित सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति रही।

## व्यय प्रेक्षक ने ली अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक



**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण तंत्र के बेहतर समन्वय एवं क्रियान्वयन हेतु लोकसभा निर्वाचन दमोह क्रमांक 07 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री विनय कुमार कनथेती की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम सहित अधिकारीगण मौजूद रहे। व्यय प्रेक्षक विनय कुमार कनथेती ने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि बेहतर समन्वय से काम करें, कम्युनिकेशन बनाए रखें, जहां कहीं दिक्कत हो या शंका हो मास्टर ट्रेनर की मदद ली जाए। उन्होंने कहा सभी ओपन माइंड से कम करें साथ ही यह भी कहा कि निर्वाचन के बाद कोई सुझाव हो चुनाव को और बेहतर करने के लिए तो लिखकर दिया जाए। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को अच्छा कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## भेदभाव खत्म करने के उद्देश्य से टीबी मरीजों के साथ रंग पंचमी होली मनाई : वर्षा शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी जेम्स बेक के मार्गदर्शन में वर्ल्ड टीबी डे पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है, जिसमें आज रंग पंचमी के अवसर पर उत्कर्ष शिक्षा एवं स्वस्थ महिला समिति की सचिव वर्षा शुक्ला,जिला कार्यक्रम समन्वयक समन्वयक दीपक सिंह राजपूत एवं निक्षय मित्र मिशिता राजपूत (7 बर्ष) ने टीबी वार्ड में इलाज रत टीबी मरीजों एवं वृद्ध आश्रम में उपस्थित सीनियर सिटीजन सम्माननीय जनों के साथ रोली गुलाल लगाकर रंग पंचमी होली की शुभकामनाएं दी एवं सभी रोगी जल्द स्वस्थ हो, भगवान के चरणों में प्रार्थना की. कार्यक्रम में टीबी वार्ड का स्टाफ, उत्कृष्ट शिक्षा



एवं स्वास्थ्य महिला समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य आदि उपस्थित रहे,विश्व टीबी डे पखवाड़ा के उपलक्ष्य में भेदभाव खत्म करने के उद्देश्य से टीबी मरीजों के साथ होली मनाई। श्री राजपूत ने बताया कि टीबी को आम व्यक्ति छुआछूत की बीमारी समझता है और टीबी से ग्रसित मरीजों से दूरी बनाकर रखता है। इस कारण अक्सर मरीज अवसाद में चले जाते हैं और भेदभाव का शिकार होते रहते हैं। सचिव वर्षा शुक्ला ने बताया कि टीबी से ग्रसित मरीजों को मध्य प्रदेश की सबसे छोटी नि- क्षय मित्र मिशिता राजपूत, जो 6 बर्ष की है एवम क्लास प्रथम की छात्रा है,के द्वारा तीन मरीजों को गोद लिया गया है, उसके अलावा अन्य टीबी मरीजों एवम् वृद्ध आश्रम को पोषण सामग्री उत्कृष्ट शिक्षा एवं स्वास्थ्य महिला समिति की सचिव श्रीमती वर्षा शुक्ला एवं मिशिता राजपूत द्वारा वितरित की जाती है, मितिशा ने अपने गुल्लक मैं जोड़े हुए एवम खिलौने के पैसे से टीबी मरीजों को स्वास्थ्य से संबंधित फल एवं राशन वितरित करने का संकल्प ले चुकी है एवं उनके प्रति भेदभाव का नज़रिया लोगो मे न हो, इसके लिए उनके साथ मिलकर रंग पंचमी होली मनाई गई। श्री राजपूत ने बताया कि वर्ल्ड टीबी डे पखवाड़ा में कार्यक्रम में लगभग 11 नि- क्षय मित्र बनाएं गए हैं एवम 11 टीबी मरीजों को 6 माह तक पोषण सामग्री प्रदान की जाएगी. श्री राजपूत ने टीबी मरीजों को टीबी के लक्षण व टीबी से बचाव के विषय में जानकारी प्रदान की. स्टाफ नर्स श्रीमती सीमा नेमा,टीबी चैंपियन श्रीमती राधा लोधी, श्रीमती राधा सुमेर आदि एनटीईपी स्टाफ आदि उपस्थित रहा ।

## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में प्रदेश के विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चार चरणों मतदान होगा। राज्य शासन ने संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया हैं। प्रथम चरण में 19 अप्रैल (शुक्रवार) द्वितीय चरण में 26 अप्रैल (शुक्रवार) तृतीय चरण में 7 मई (मंगलवार) एवं चतुर्थ चरण में 13 मई (सोमवार) को होने वाले निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए उक्त तिथियों में सामान्य अवकाश घोषित किया है।

### दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में चार घायल

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली महुआ वाली झील और केवलारी के बीच शाम 7 बजे दो बाइकों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई हादसे में चार लोग घायल हो गए जिन्हें 108 की सहायता से तेजगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डाक्टरों के नहीं होने के चलते यहां पदस्थ नर्सों द्वारा घायलों की मरहम पट्टी कर जिला अस्पताल दमोह भेज दिया गया तेजगढ़ सहित आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि तेजगढ़ में परमानेंट एमबीबीएस डॉक्टर पदस्थ होने के बावजूद भी हफ्ते में एक या दो बार ही यहा पर आते हैं अन्य दिनों वह लापता रहते हैं तेजगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में थोड़ी सी भी चोटे आने व लगने पर यहां पर मरहम पट्टी करके जिला अस्पताल दमोह या फिर तेन्दूखेड़ा व जबलपुर रेफर कर दिया जाता है दोनों बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में सचिन पिता भागवत सिंह गौंड़ उम्र 20बर्ष निवासी पिपरिया जुगराज दिव्यांशी हल्लू गौंड़,5वर्ष पिपरिया जुगराज,, पवन सिंह पिता सूरत गुण 55 वर्ष पिपरिया आशीष पिता बड्डे अहिरवार उम्र 19 वर्ष निवासी मोहरा हादसे में दिव्यांशी की हालत गंभीर है।ग्रामीणों का आरोप है। कि एमबीबीएस डॉ पदस्थ होने के बाद भी यहाँ नही रुकते।जिससे लोगो को 35किलोमीटर दूर दमोह भटकना पड़ता है और समय रहते लोगों को उपचार नहीं मिल पाता है।

### खूले बोरवेल, बिना मुडेर का कुआं की जानकारी दें

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा है अनुपयोगी अथवा खूले बोरवेल, बिना मुडेर का कुआं, बगैर चेम्बसर के सेप्टिक टैंक आदि को ढकने संबंधी सूचनाओं अथवा समस्याआओं को दमोह हेल्पलाइन नंबर 07812350300 पर दर्ज करा सकते हैं।

### पूर्व जिपं अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ताओं की भाजपा में वापसी

# कांग्रेस में असंतोष, जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा में हुये शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कांग्रेस द्वारा लोकसभा उम्मीदवार घोषित किये जाने के बाद कांग्रेसियों में असंतोष देखा जा रहा है। विस चुनाव के समय कांग्रेस का साथ देने कर सौगंध खाने वाले नेता भी लोकसभा में सौगंध तोड़ते नजर आ रहे है। दमोह से कांग्रेस के संभावित लोकसभा उम्मीदवारों की दौड़ में रहीं जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल ने अन्य कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार को भोपाल में बीजेपी की सदस्यता ली। इनके साथ ही विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा से निष्कासित किए गए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटैल प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल पूर्व गृह मंत्री डां.नरोत्तम मिश्रा द्वारा वर्तमान व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष जाता अनुष्का संदीप राय,



#### विस चुनाव की सौगंध लोकसभा में टूटी

पूर्व में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू धर्मेंद्र कटारे भी भोपाल में भाजपा का दामन थाम चुके है। 2013 के चुनाव में पथरिया से कांग्रेस की प्रत्याशी रही श्रीमती मनीषा दुबे भी एक अन्य नेता दिनेश श्रीधर के साथ भाजपा में शामिल हो चुकी है। पथरिया क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं का एक के बाद एक भाजपा में शामिल होने की जहां अलग-अलग वजह बताई जा रही है। वहीं 6 महीने पहले विधानसभा चुनाव के दौरान इन नेताओं के द्वारा पथरिया विधान सभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए सामूहिक रूप से माँ हरसिध्दि की सौगंध खाई गई थी। जिसकी वीडियो भी सामने आई थी वही एक-एक करके नेताओं की कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने के साथ वीडियो फिर चर्चाओं में है।

बद्री व्यास सहित अन्य सदस्यो को बीजेपी की सदस्या दिलाई गई वही प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा द्वारा कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में लोग बीजेपी की सदस्यता ले रहे है मध्यप्रदेश में भी यह अभियान बड़ी तीव्र गति से चल रहा है वही पंचायत मंत्री पटेल ने कहा कि हम सबको अब बीजेपी की जीत के लिए एकजुट होकर विजयी बनाना है।

## कुण्डलपुर की ओर बढ़ रहे कदम, आज तेजगढ़ में आहारचर्या



**दमोह।** बड़े बाबा की नगरी कुण्डलपुर में आगामी 16 अप्रैल को होने वाले आचार्य पद पदारोहण महोत्सव को लेकर कुण्डलपुर में जोर शोर से तैयारियां जारी है। इस महामहोत्सव के नायक भावी आचार्य श्री ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण मुनि श्री समय सागर जी महाराज का कुण्डलपुर की ओर विहार चल रहा है। शुक्रवार को मुनि संघ की आहारचर्या सांगा ग्राम में संपन्न हुई। ग्राम सांगा से शाम को तेजगढ की ओर विहार हुआ एवं आज सुबह तेजगढ़ में भव्य अगवानी की जायेगी। यहां मूनि संघ की आहारचर्या संपन्न होगी।

#### आज निर्यापक श्री प्रसाद सागर जी पहुचेंगे कुंडलपुर

परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य भगवनश्री 108 विद्यासागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण मुनिवरश्री 108 प्रसादसागरजी महाराज ससंघ, मुनिवरश्री 108 प्रयोगसागरजी महाराज ससंघ, मुनिवरश्री 108 अजितसागरजी महाराज ससंघ, मुनिवरश्री 108 सौम्यसागरजी महाराज ससंघ, मुनिवरश्री १०८ निर्दोषसागरजी महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश कल प्रातः काल की बेला में बड़े बाबा जी के दरबार श्री कुंडलपुर जी मे होगा।

## 57 लीटर अवैध शराब जब्त



**दमोह।** आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के लागू होने से दमोह शहर/अनुभाग स्तर पर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पथरिया रघु केशरी के नेतृत्व में दिनांक 28.3.24 को ग्राम गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की ग्राम आबूखेड़ी का राजकुमार लोधी अपने घर के पास बनी टपरिया में अवैध शराब बेच रहा है जो मुखबिर की सूचना की तस्दीक की गई जो राजकुमार लोधी के घर के पास पहुंचे तो टपरिया में बैठा युवक पुलिस को देख कर भागा जिसे घेरा बंदी कर पकड़ा और नाम पता पूछा जिसने अपना नाम राजकुमार लोधी निवासी आबूखेडी बताया जो टपरिया को चेक किया गया जो टपरिया के अंदर दो प्लास्टिक की बोरी में शराब भरी पाई गई एक बोरी में लाल देशी मसाला के200 पाव एवम एक बोरी में सफेद देशी शराब के 117 पाव के दोनो बोरियो में कुल 317 पाव दोनो बोरियो में कुल 57 लीटर शराब पाई गई जो आरोपी से उक्त शराब रखने के कागजात पूछे गए जो कोई कागज नही होना बताया जो आरोपी राजकुमार लोधी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) अवकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में निरी सुधीर कुमार बेगी थाना प्रभारी पथरिया उप निरी संतोष सिंह सह उप निरी बालेंद्र सिंह प्र0आर0 संदीप कुशवाहा,वीरेंद्र लोधी भगत , सायवर सेल से प्रधान आरक्षक राकेश अठ्या, सौरभ टंडन आरक्षक मनीष बाल्मिकी ,ओमप्रकाश रैकवार, आकाश गौतम रामसिंह लोधी, एनआरएस रामकुमार तिवारी की अहम भूमिका रही।

## अनदेखीः दशकों से नोहटा पोल फैक्ट्री बंद

### फेक्ट्री पर किया कब्जा, लोहा हो रहा चोरी अस्तित्व पर खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा विधानसभा में लोगों को रोजगार देने वाली नोहटा में सन 1978 में पोल फैक्टरी की शुरुआत,की गई थी 25 साल तक चली इस फैक्टरी लोगों को रोजगार भी मिला लेकिन यह फेक्ट्री पहले लीज पर हुई और विद्युत विभाग के हैंड ओवर हुई और फिर बंद हुई तो दोबारा चालू नहीं हुई। स्थानीय लोग फेक्ट्री चालू होने की आस लगाए बैठे कि यह फेक्ट्री चालू होगी और लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। ऐसा होता फिर हाल तो नहीं दिख रहा है। फैक्ट्री पर जहां एक और कब्जा हो रहा है वहीं फैक्ट्री के अंदर रखा लोहा टनों की संख्या में चोरी हो गया है। जिसकी और न तो विद्युत विभाग का कोई ध्यान और न ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि फैक्ट्री को चालू करवाने की दिशा कोई पहल कर रहे है। हालत यह है कि पोल फैक्टरी रख रखाव के अभाव में असामाजिक तत्वों का डेरा है सेफ्टी ग्रिल, गार्डर, सरिया, फ्रेम सहित पोल के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली कीमती सामग्री चोरी हो गई और जो शेष है वह भी ध्यान नहीं दिया गया, चोरों की जद में है नगर के बाहरी हिस्से में स्थित पोल फैक्टरी आसामाजिक तत्वों का अड्डा बनी हुई है। पोल फेक्ट्री की निगरानी सुरक्षा अवैध कब्जा हटवाने को लेकर जहां विद्युत विभाग के जेई प्रभात दुबे नायब तहसीलदार को पत्र लिख चुके है। नायब तहसीलदार नोहटा राजेश साहू अपने अपने तर्क देकर पोल फैक्टरी वन विभाग एवं अंदर आबादी के अधिकृत है। हमारे पास उसका कोई रिकॉर्ड नहीं होता है यह कहकर अपना पल्ला झाड़ चुके है।

## झोपड़ी में संदिग्ध अवस्था में मिला वृद्ध का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

नोहटा थानांतर्गत बिजोरा खमरिया खेत में बनी रखवाली के लिए टपरिया में संदिग्ध अवस्था में वृद्ध का मिला है। बुजुर्ग की हत्या की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार लक्ष्मन सिंह पिता स्वर्गीय लाल सिंह उम्र 74 वर्ष खेत में झोपड़ी में अकेले रखवाली करने सौ रहे थे। शुक्रवार को उनका शव संदिग्ध अवस्था में मिला है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अरविंद सिंह पुलिस स्टाप ने मौका मुआयना किया एफएसएल फिंगर एक्सपर्ट डॉग स्क्वायड टीम को बुलाया है पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस घटना के संबंध में साक्ष्य जुटाने में लगी है। मृतक के गर्दन लाठी पड़ी है चेहरे में खून लगा हुआ लाठी देखकर लगता जैसे लाठी से गर्दन दवाई गई हो जिससे अंदेशा जताया जा रहा है। वृद्ध की हत्या की गई हो थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच के बाद मर्ग कायम किया गया है। शव के संदिग्ध अवस्था में मिलने पर जांच की जा रही है। एफएसएल टीम फिंगर एक्सपर्ट की जांच एवं पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत की स्थिति स्पष्ट होगी।

मृतक वृद्ध की पत्नी व पुत्र ने हत्या की आशंका जताते हुए बताया की हर रोज की तरह घर से खाना खाकर शाम खेतों की रखवाली करने के लिए खेत में बनी झोपड़ी बसने गए और आज सुबह जा कर आवाज लगाई तो झोपड़ी से उठे नहीं। तब जाकर देखा तो खाट पर पड़े हुए गर्दन में एक लाठी पड़ी हुई थी। चेहरा पर खून लगा हुआ था। जैसे की किसी गर्दन को लाठी से दबाकर



हत्या की हो। अदरूनी चोटें भी थी। वही बेटे का आरोप है की गांव के कुछ लोगों से करीब दो वर्ष से विवाद चल रहा था और उनके द्वारा देख लेने और कुछ अनिष्ठ करने की बात की जाती रही और आज सबके सामने है मेरे पिता की झोपड़ी में सोते वक्त हत्या कर दी गई।

## पुरा के खेत में मिला अज्ञात शव



**तेंदूखेड़ा।** गुरूवार की शाम तेजगढ़ थाना अंतर्गत पुरा ग्राम में खेत में अज्ञात युवक का शव मिला था जिसकी शिनाख्त गुड्डा उर्फ खेमराज पटैल 45 निवासी वार्ड 2 तेंदूखेड़ा की हुई हैं। तेजगढ़ पुलिस को जानकारी लगते ही तेजगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक पटेल अपने स्टॉप के साथ मौके पर पहुँचे मगर शव की पहचान नहीं हुई। देर रात शव तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया और शुक्रवार सुबह पहचान हुई। परिजनों नें बताया गुड्डा पटेल गुरुबार की सुबह अपनी बहन के पास गए थे उसके बाद बापिस नहीं आएं। वहीं पहचान होने के पूर्व तेजगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने सोशल मिडिया की मदद से मृतक युवक की जानकारी बायरल कराई थी जिसके बाद पुष्टि हुई। तेजगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक पटेल नें बताया की मृतक का भाई पुरा ग्राम में रहता है और उसकी बहन का घर जहां शव मिला उस खेत के आगे और जिस जगह पर शब मिला था वहां ढलान है और तेज रफ्तार में उसे पार कर रहा था और पार करते समय युवक फिसल गया होगा साथ ही मृतक युवक पूर्व से लकवाग्रस्त होने के साथ बीपी का मरीज था क्योंकि गोली उसके जेब से मिली है पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की पुष्टि होंगी।

### पुलिस और वन विभाग संयुक्त टीम का प्रयास समय रहते आग पर पाया काबू

# गुबरा बीट प्लांटेशन में लगी भीषण आग



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर रेन्ज की गुबरा बीट के प्लांटेशन में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग की लपटों को देख गुबरा ग्राम से लौट रहे सिंग्रामपुर चोकी प्रभारी आलोक तिरपुडे ने तत्काल आग लगने की सूचना दमकल वाहन कटंगी एवं वन स्टाफ को दी गई। पुलिस और वन अम्ल की संयुक्त प्रयास के चलते बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इसके बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंची थी। तब तक आग पर काबू पा लिया गया था। डिप्टी रेंजर जोगिंदर सिंह ने बताया आग लगने की सूचना प्राप्त हुई तुरंत इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवाते हुए वन अमला मौके पर पहुंच गया था। और टैंकरों के पानी की बौछार मारते हुए आग पर काबू पा लिया और थोड़ी बहुत आग सुलग रही थी। उस पर दमकल बाहन से आग पर पूरी तरह से काबू हो गया था। आग से पेड़ पौधों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। घास फूस में लगी आग पर समय रहते काबू पा लिया गया था। आग कैसे लगी है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस स्टाफ में सिंग्रामपुर चोकी प्रभारी आलोक तिरपुडे आरक्षक राम मनोहर यादव, जालम सिंह गुलाब वन अमला में डिप्टी रेंजर जोगिंदर सिंह अनिल ठाकुर सहित स्थानीय लोगों की कड़ी मेहनत की बदौलत आज पर काबू पाया गया। सिग्रामपुर रेंजर आश्रय उपाध्याय का कहना है जैसे ही गुबरा बीट प्लांटेशन में आग लगने की सूचना मिली थी तत्काल ही बन अमले को मौके पर भेजा गया था। वन अअमले के द्वारा तत्परता से आग बुझाने का प्रयास किया गया। इसी दौरान दमकल वाहन भी मौके पर पहुंच गई थी। जिसकी वजह से आग पर काबू पा लिया गया। आग प्लांटेशन की घास फूस में ही लगी थी जिसको समय रहते काबू पा लिया गया पेड़ पौधों को कोई आग से नुकसान नहीं हुआ है।

## सुबह से तेज धूप, शाम को आंधी-बारिश से उमस बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा में गर्मी के तेवर के बीच शुक्रवार को अचानक मौसम ने करवट बदली। दोपहर में बादल छाए और शाम को तेज हवा-आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश से सड़कों पर पानी बह निकला। वहीं हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। दरअसल, वेदर सिस्टम एक्टिव होने से दमोह तेन्दूखेड़ा का मौसम बदला है। शुक्रवार सुबह से तेन्दूखेड़ा सहित आसपास क्षेत्र में में तेज धूप खिली रही। तल्ख धूप के कारण लोगों के गर्मी से हाल-बेहाल रहे। दोपहर के समय आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हुई। वहीं शाम 4.30 बजे अचानक मौसम बदला और आसमान में घने बादल छा गए तेज हवा-आंधी का दौर शुरू हुआ। कुछ देर बाद बूंदाबांदी शुरू हुई जो झमाझम में तब्दील हो गई। गरज-चमक के साथ करीब 20 मिनट तक बारिश हुई। जिससे सड़कों पर पानी बह निकला। हवाएं चलने से वातावरण में ठंड घुली। लोगों को गर्मी से राहत मिली। एक दिन पहले गुरुवार को दमोह व तेन्दूखेड़ा का अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया था मौसम विभाग के अनुसार इस समय एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी और मध्य क्षोभमंडल में पछुआ पवनों के बीच ट्रफ के रूप में सक्रिय है। 29 मार्च को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने का अनुमान है। नए पश्चिमी विक्षोभ के चलते अगले 48 घंटों में प्रदेश के कई जिलों में बादल छाने और बूंदाबांदी होने की संभावना है।

#### हल्की बारिश से उमस बड़ी

**सिग्रामपुर।** इन दिनों मौसम का मिजाज हर दिन बदलता हुआ दिखाई देता है। कभी धूप तो कभी छांव आसमान पर छाए बादलों के बीच अचानक से शुक्रवार की दोपहर में मौसम ने अचानक से करवट बदली। दोपहर 3 बजे धूल भरी आंधी तूफान हल्की-फुल्की बूंदाबांदी से खत्म होते ही उमस से लोगो को पसीना पसीना होना पड़ा। मौसम की करवट लेने से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों को गेहूं की कटाई लगी हुई है। अचानक मौसम करवट से किसानों की चिंताएं बढ़ गई है।

## छेड़खानी से परेशान होकर बालिका ने की थी आत्महत्या

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाली कक्षा 12 वीं की 17 वर्षीय छात्रा ने एक युवक की छेड़खानी से परेशान होकर अपने ही घर मेंफांसी के फंदे से लटकर गुरूवार को आत्महत्या कर ली। किशोरी के माता-पिता घर में नहीं थे। लगभग शाम 4 बजे एक बच्चे ने घर में जाकर देखा तो बालिका फंदे से लटकी हुई थी। परिजनो ने देखा तो बालिका के पास से एक सुसाईट नोट मिला। जिसमें किशोरी ने किसी आनंद नाम के युवक के द्वारा परेशान करने की बात लिखी है। रात में ही परिवार के लोग किशोरी को तेंदूखेड़ा अस्पताल लेकर पहुंचे थे। सूचना मिलने पर तेंदूखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची थी किशोरी का पीएम भी कराया गया है। बालिका के फूफा राजेष प्रजापति ने बताया कि बालिका के पास सुसाईट नोट मिला है। जिसमें लिखा है कि मम्मी पापा मुझे माफ करना मैं दुनिया से दूर जा रही हूं। मम्मी पापा आनंद मुझे 3 सालों से परेशान कर रहा है। थाना प्रभारी फेमिदा खान ने बताया है कि पुलिस किषोरी का शव अस्पताल में मिला था। परिजनों का कहना है कि जब किशोरी को फंदे से उतारा गया था तो उसकी सांसे चल रही थी। जिस कारण परिजन बालिका को अस्पताल लेकर आ गए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। साथ ही सुसाईट नोट की भी छानवीन कर रही है। सुसाईट नोट में कोई आंनद का नाम आया हैं कौन आनंद हैं उसका भी पता लगाया जा रहा है। इसके अलावा बालिका के मोबाइल डिटेल्स की भी जांच की जाएगी।

### ससुराल से लौटकर आए युवक ने लगाई फांसी

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत सांगा ग्राम में एक युवक ने अपने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली बाद मे परिजन उसका शव लेकर तेंदूखेड़ा आए मृतक का नाम अशोक पिता रघुनाथ यादव 38 है परिजनों नें बताया कि अशोक अपनी सुसराल गया था वहां से लौटकर आया और घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही हैं।